जनपद-संतकबीरनगर प्रेस विज्ञप्ति दिनाँक 07.09.2024

दबिश के दौरान 03 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** के निर्देशन में जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में **थाना दुधारा पुलिस** द्वारा **03** वारण्टी नाम पता 1- रोजन पुत्र मुस्तकीम निवासी उचहरा 2- गोली पुत्र बदलुद्दीन निवासी उचहरा 3- बदलुद्दीन पुत्र महबुल्ला निवासी उचहरा थाना दुधारा जनपद संतकबीर नगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरणः- उ0नि0 श्री संजय कुमार यादव मय हमराह।

शान्ति भंग (170/126/135 बीएनएसएस) में 16 अभियुक्त गिरफ्तार

● *थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा* 170 / 126 / 135 बीएनएसएस में 02 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।

● *थाना धनघटा पुलिस द्वारा* 170 / 126 / 135 बीएनएसएस में 04 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।

● *थाना मेंहदावल पुलिस द्वारा* 170 / 126 / 135 बीएनएसएस में 10 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।

मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 74 वाहनों से 85000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया

आज दिनांक 07.09.2024 को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 74 वाहनों से 85000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया।

पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस पर तहसील धनघटा पर पहुंचकर जनता की समस्याओं का किया गया निस्तारण

आज दिनांक 07.09.2024 को पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस पर ***तहसील धनघटा*** पर पहुंचकर पुलिस एवं राजस्व विभाग के

अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जहां पर फरियादियों से उनकी समस्याओं को मौके पर सुना गया तथा वहां मौजूद संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए । राजस्व और पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी । तत्पश्चात वहां मौजूद शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के संबंध मे फीडबैक भी लिया गया। इस अवसर पर राजस्व व पुलिस के अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण मौजूद रहे।

थाना मेंहदावल पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए नाबालिग के साथ छेड़खानी व दुष्कर्म करने के मामले मे वाँछित बाल अपचारी को किया गया गिरफ्तार

जनपद में *मिशन शक्ति अभियान* के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी मेंहदावल ***श्री केशवनाथ*** के निकट पर्यवेक्षण में ***थाना मेहंदावल पुलिस द्वारा*** मु0अ0स0 230/24 धारा 452/354/506/376 भा0द0वि0 व 7/8 पाक्सो एक्ट के मामले मे वांछित बाल अपचारी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

विदित हो कि बाल अपचारी द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री के साथ छेडखानी व दुष्कर्म की घटना कारित की गयी थी, जिसके संबंध में वादी द्वारा दिनांक 31.08.2024 को थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। थाना मेहंदावल पुलिस द्वारा महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए त्वरित कार्यवाही कर आज दिनांक 07.09.2024 को उक्त बाल अपचारी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरण- उ0नि0 श्री हरिकेश भारती, का0 प्रदीप कुमार।